>

Title: Need to investigate into the funding of voluntary organisations in the country.

श्री हुक्मदेव नारायण यादव (मधुबनी): सभापति महोदय, आपके आदेश से मैं संसद, सरकार और देश के प्रबुद्ध नागरिकों का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। मैं सदन का ध्यान इस ओर आकृष्ट करना चाहता हूं कि अतारांकित प्रश्न संख्या 2956, दिनांक 18-12-2009, प्रश्न संख्या 2717, दिनांक 10-8-2010, वर्ष 2005-06, 2006-07 और 2007-08, इन तीनों वित्तीय वर्षों के अंदर हिन्दुस्तान के जितने एनजीओ, स्वयंसेवी संगठन चलाने वाले हैं, उन्हें विदेश से 28879 करोड़ रुपए विदेशी धन प्राप्त हुआ है। उसमें दिल्ली में अकेले 5456 करोड़ रुपया प्राप्त हुआ है। भारत-नेपाल सीमा पर 1104 करोड़ और भारत-बंग्लादेश सीमा पर 1874 करोड़ रुपया प्राप्त हुआ है। 87 संगठनों के खिलाफ कार्यवाही की गई।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी, वित्त मंत्री जी और गृह मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि इस संबंध में एक श्वेत-पत्र जारी करें, क्योंकि यह राष्ट्र की एकता, अखंडता, आंतरिक और बाह्य सुरक्षा से संबंधित है। विदेशी धन इस अबाध गति से आएगा तो देश में बैठ कर जिसका धन खाएगा, उसका गीत गाएगा और हिन्दुस्तान के अंदर आंतरिक असुरक्षा को पैदा करके हिन्दुस्तान की स्थिति को कमजोर कर सकता है। इसलिए मैं सरकार से दो बातों की मांग करता हूं। पहली यह है कि सरकार श्वेत-पत्र जारी करे कि ये धन लेने वाले कौन हैं, किस देश से लाए हैं और जिस काम में लगाए हैं, उसमें उपयोग किए गए या नहीं? क्या उस धन से राष्ट्र विरोधी काम तो नहीं किए गए हैं? दूसरा, एक राष्ट्रीय स्तर पर निगरानी संगठन बने, जो विदेशी धन के उपयोग की निगरानी करे और ऐसे संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करे। माननीय सदस्यों ने कहा कि लोकपाल विधेयक बन रहा है, सबसे पहले इसे शामिल किया जाए और लोकपाल के दायरे में रखा जाए, क्योंकि यह विदेशी धन से जुड़ा हुआ मामला है।**...**(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Nothing, except what Shri Gorakhnath Pandey says, will go on record.

(Interruptions) â€¦ *

MR. CHAIRMAN: The following hon. Members may be allowed to associate with the issue raised by Shri Hukmadeo Narayan Yadav:

Shri S.S. Ramasubbu

Shri Rajaram Pal

Dr. Sanjeev Ganesh Naik

Dr. Rajan Sushant

Shri Dilipkumar Mansukhlal Gandhi

Shri Shripad Yesso Naik

Shri Ravindra Kumar Pandey

Shri Ramesh Bais

Shri P.K. Biju

Shri Rajendra Agrawal

Prof. Ramshankar

Shri Haribhau Jawale

Shri Arjun Ram Meghwal

Shri K.D. Deshmukh

Shrimati Rama Devi

Shri Ramen Deka

Shri Ghanshyam Anuragi